प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

16 नवंबर 2022

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ बैठक की

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 16 नवंबर 2022 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और कुछ निजी क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ बैठक की। बैठक में भारतीय रिज़र्व बैंक के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री एम. के. जैन, उप गवर्नर भी शामिल थे।

गवर्नर ने अपनी परिचयात्मक वक्तव्य में, महामारी की शुरुआत के बाद और वित्तीय बाजार में चल रहे उथल-पुथल के कारण उत्पन्न इस मुश्किल समय के दौरान आर्थिक संवृद्धि का समर्थन करने में वाणिज्यिक बैंकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने आगे कहा कि चुनौतियों के बावजूद, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र आघात सहनीय बना हुआ है और विभिन्न कार्यनिष्पादन मानकों में लगातार सुधार कर रहा है। उन्होंने बैंकों को सूचित किया कि वे वैश्विक प्रसार-प्रभाव सहित उभरती समष्टि आर्थिक स्थिति के प्रति सजग रहें और सक्रिय रूप से शमन उपाय करें ताकि उनके तुलन-पत्र पर संभावित प्रभाव कम से कम हो और वित्तीय स्थिरता संबंधी जोखिम को नियंत्रित किया जा सके।

अन्य मामलों के अलावा, ऋण वृद्धि की तुलना में जमाराशियों में धीमी वृद्धि, आस्ति गुणवत्ता, आईटी अवसंरचना में निवेश, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी समाधानों को अपनाने, डिजिटल बैंकिंग इकाइयों के कामकाज आदि से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1215